लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2351

14 दिसम्बर, 2015 को उत्तर के लिए

बजटीय आवंटन

2351. श्री सुनील कुमार मण्डल:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) चालू वर्ष के दौरान सरकार द्वारा इस्पात के क्षेत्र में किए गए कुल बजटीय आवंटन का पश्चिम बंगाल सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या धनराशि जारी की गई और उसका उपयोग किया गया; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क): भारतीय अर्थव्यवस्था में इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र होने के नाते इस्पात मंत्रालय की देश में सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में इस्पात उत्पादन को प्रेरित करने के लिए एक सुविधादाता के रूप में भूमिका होती है। लोहा और इस्पात क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए चालू वित्तीय वर्ष (2015-16) के लिए केवल 15 करोड़ रूपए का योजना बजट है।

(ख): दिनांक 30.11.2015 तक लोहा और इस्पात क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए 8.55 करोड़ रूपए जारी किए गए हैं।

(ग): उपरोक्त (क) के उत्तर के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

***